## एक नजर में



### सीएम हेल्पलाईन में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया प्रशस्ति पत्र

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने नगर पालिका परिषद वारासिवनी सीएमओ सूर्यप्रकाश उके एवं नगर परिषद बैहर सीएमओ श्री दिलीप बांडेबूचे द्वारा नगरी निकाय एवं आवास विभाग की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हे प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इन अधिकारियों द्वारा सीएम हेल ?पलाईन की शिकायतों में 100 प्रतिशत संतुष्टि के साथ निराकरण कराया गया है।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय में विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**बालाघाट।** 01 नवम्बर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन भोपाल के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में भी किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ, जिला उत्पादों का प्रदर्शन और उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। मध ?यप्रदेश स ?थापना दिवस 1 नवम्बर के अवसर पर रात्रि को प्रमुख शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जश्न और भी रोशन होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, उद्योगपति, समाजसेवी, धर्मगुरु, स्वयंसेवी संस्थाएं, हाईस्कूल और हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी और शहीद सैनिकों के परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा।

### तबाकू मुक्त अभियान 3 .0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बालाघाट। **तम्बाकू मुक्त** अभियान 3.0 एक 60 दिवसीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य युवाओं में तंबाकू और ई-सिगरेट जैसे उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैंलाना है। 28 अक ?टूबर को बालाघाट जिले के महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में तबाकू मुक्त अभियान 3.0 के तहत किशोरों को मौखिक स्वास्थ्य और तंबाकू के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दिव्या रंगलानी ने तंबाकू उत्पाद से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय द्वारा शुरू किया गया है। जिसका उद्देश ?य विभिन्न गतिविधियां जैसे प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, होर्डिंग, स्कूलों में शपथ कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रहने और नशामुक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित करना है।

---

**कार्यक्रम** | विधायक ने किया बिरसामुंडा की प्रतिमा का अनावरण

# जल,जंगल,जमीन को बचाना हम सभी का कर्तव्य : पटेल

**नवभारत, वारासिवनी।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गटापायली में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का लोकार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विक्की पटेल मौजूद रहे कार्यक्रम में पहुँचे ही विधायक विवेक विक्की पटेल का समाज के वरिष्ठजनो द्वारा स्वागत किया गया जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण क़र सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया इस दौरान दीपक मर्सकोले,बिहारीलाल उईके, गणेश कुम्भरे,देवराज बिसेन,श्रीराम सैयाम,राजकुमार चौधरी,संदेश बिसेन, संतोष



नेताम,महेंद्र परते,शंकर नेताम,ईस्वरीय इड़पाचे,परसराम कड़पेती,नरेंद्र परते,धार्मिक इनवाती, रामसिंह परते, किशोर परते सहित समाजिकगण मौजूद रहें ।

#### भोलेभाले आदिवासियों को बहला फुसलाक़र ले रहे उनकी जमीन

इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि जल,जंगल,जमीन को बचाने वाले बेजुबानों को जुबान देने वाले हम बिरसा मुंडा के लोग है बुंदेलशाह और कुंवर शाह के लोग हैं आदिवासी हमेशा सच्चा होता हैं कभी झूठ नही बोलता,जो कहता हैं वही करता हैं मेरे विधायक बनने के बाद मुझसे जो भी काम आदिवासी समाज में मांगा हैं मैंने सब दिया मैं आप लोगो के साथ हमेशा खड़ा हु आप लोगो को ज़ब भी मेरी जरूरत पड़े मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हु ग्राम के हमारे सम्मानीय लोग जैसा विकास चाहेंगे वैसा विकास होगा समाज के लोग जहाँ जैसा बोलेंगे वैसा किया जाएगा कहीं भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं जाएगी आप लोग जितनी राशि बोलेंगे मैं उतनी राशि विकास के लिए दूंगा माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे,अच्छा संस्कार दे,बच्चे जो देखेंगे वही सीखेंगे,इसलिए बच्चों के सामने अच्छा-अच्छा बोले, सभी से अच्छा व्यवहार करें,जैसा हम करेंगे वैसे हमारे बच्चे भी करेंगे इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छा संस्कार दे,याद रखना हमें अपने जल,जंगल, जमीन को बचाना हैं आदिवासी भाइयों को बहला फुसला कर बहारी लोग उनकी जमीन खरीद रहे है।

---

# बालाघाट से दिल्ली-लखनऊ तक सीधी ट्रेन की संभावनाएं प्रबल, नेताओं की पहल से खुल सकता है राजधानी का रास्ता

### रेल सुविधा बढ़ने से जबलपुर, भोपाल, झांसी, आगरा, ग्वालियर, लखनऊ और दिल्ली का सफर होगा आसान

**नवभारत, बालाघाट।** लंबे समय से रेल कनेक्टिविटी को लेकर संघर्षरत बालाघाट जिले के लिए अब राजधानी दिल्ली और उत्तर भारत से सीधा रेल संपर्क स्थापित करने की उम्मीद जग रही है। अगर जिले के सांसद, विधायकगण, प्रमुख जनप्रतिनिधि और समाजसेवी गंभीर पहल करें, तो बालाघाट से सीधे दिल्ली व लखनऊ तक ट्रेन सेवा संभव हो सकती है।

वर्तमान में जबलपुर से दिल्ली के लिए चार प्रमुख सुपरफास्ट ट्रेनें संचालित होती हैं, जो बालाघाट तक बढ़ाई जा सकती हैं। इनमें—

ट्रेन क्रमांक 22181 सुपरफास्ट एक्सप्रेस, ट्रेन क्रमांक 12192 सुपरफास्ट, ट्रेन क्रमांक 12189 महाकौशल एक्सप्रेस,ट्रेन क्रमांक 12121 मध्यप्रदेश सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस

शामिल हैं। इसके अलावा ट्रेन क्रमांक 15206 चित्रकूट एक्सप्रेस को भी बालाघाट से प्रारंभ करने का प्रस्ताव दिया जा सकता है।

रेलवे विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि ये सभी ट्रेनें जबलपुर से बनकर दिल्ली और लखनऊ तक जाती हैं, जिनका विस्तार बालाघाट तक किया जा सकता है। यदि यह पहल की जाए तो बालाघाट से जबलपुर, कटनी, सागर, भोपाल, झांसी, ग्वालियर, आगरा, वृंदावन, दिल्ली और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों तक रेल यात्रा और भी सुगम हो जाएगी।

बालाघाट जिले के नागरिक लंबे समय से राजधानी और उत्तर भारत से रेल संपर्क की मांग करते आ रहे हैं। जिले के भौगोलिक विस्तार, पर्यटन संभावनाओं और बढ़ते व्यापारिक महत्व को देखते हुए सीधी ट्रेन सेवा शुरू होना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बालाघाट के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन एकजुट होकर रेल मंत्रालय से मांग करें, तो यह सपना साकार हो सकता है। जबलपुर से चलने वाली ट्रेनों को बालाघाट तक बढ़ाने में किसी बड़े तकनीकी परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

यदि बालाघाट से दिल्ली या लखनऊ तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू होती है, तो जिले के व्यापार, शिक्षा, पर्यटन और स्वास्थ्य सुविधाओं को नई दिशा मिलेगी। छात्र, व्यापारी, श्रमिक और आम नागरिकों को सीधा लाभ होगा।

---

# पिछड़ा वर्ग विद्यार्थी मेधावी पुरस्कार योजना

### 4 विद्यार्थियों को 30 हजार रुपए की राशि मंजूर

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने पिछड़ा वर्ग विद्यार्थी मेधावी पुरुष्कार योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 04 विद्यार्थियों को 30 हजार रुपए की पुरुष्कार राशि मंजूर की है।

कक्षा 10वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले पिछड़ा वर्ग के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा के छात्र सुमित बिसेन एवं आईडियल एकेडमी वारासिवनी की छात्रा कु. हिमांशी नंदनवार को 05-05 हजार रुपए की पुरुष्कार राशि मंजूर की गई है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले सीएम राईज स्कूल कटंगी के छात्र शुभम नागेश्वर एवं एमसीएस स्कूल बालाघाट की छात्रा कु. नितिशा देशमुख को 10-10 हजार रुपए की पुरुष्कार राशि मंजूर की गई है।

सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण श्रीमती अंजना जैतवार ने बताया कि यह पुरुष्कार राशि इन विद्यार्थियों के बैंक खाते मे जमा करायी जा रही है। पिछड़ा वर्ग विद्यार्थी मेधावी पुरुष्कार योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 05 हजार रुपए एवं कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

---

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन कल

**नवभारत, बालाघाट।** शिवशंकर तिवारी जिला अध्यक्ष वरिष्ठं नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि दीप पूजन महापर्व दीपावली मिलन समारोह दिनांक 31अक्टूबर 2025 को अपने समस्ता पेंशनर्स कर्मचारियों के साथ मनाया जाने का कार्यक्रम दोपहर 02:00 बजे से 05:00 बजे के मध्य शीतल पैलेस भटेरा रोड बालाघाट में रखा गया है।

मिलन समारोह के पश्चात अनेक विशेष विषयो पर भी चर्चा कर निर्णय लिया जाना है द्य जिसमें प्रमुख रूप से संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन पर चर्चा किया जाना है।

09 नवम्बर को संघ की प्रांत कार्यकारिणी द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन् 09 संगठन एवं छत्तीगसगढ के 06 संगठनों की महासमिति की संयुक्तय पेंशनर्स फेण्डमरेशन की जबलपुर में रखी गई बैठक के सम्बंध में चर्चा किया जाने के साथ ही संगठन के नए सदस्य बनाये जाने पर चर्चा किया जाना है।

अध्यक्षशिव तिवारी द्वारा समस्तर पेंशनर्स कर्मचारियों से अपील की गई है कि जिला स्तर पर पेंशनर संगठन को मजबूत बनाये जाने के लिए दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर एकजूटता का परिचय देवें।

आगामी दिनांक 09 नवम्बर को छत्तीसगढ् एवं मध्य ?प्रदेश की संयुक्तत पेंशनर्स फेण्ड रेशन महासमिति द्वारा विभिन्नक मांगो जैसे धारा 49 (6) को विलुप्तर कराये जाने , पेंशनरो को नि:शुल्क दवाईयों का प्रदाय , सेवा निवृत्ता शिक्षको को 300 दिवस का अर्जित अवकाश का नगदीकरण ,पेंशनरों को आयकर से मुक्ता रखा जाए, ट्रेन किराए में पूर्व की भांति रियायत दिया जाये इत्यादि के सम्बंध में चर्चा रखी गई है। आप सभी की एकजूटता से संगठन को बल मिलेगा एवं हम सभी मजबूती से अपनी मांगो को शासन के समक्ष रख सकेगे।

---

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हट्टा में पौधरोपण



**नवभारत, बालाघाट।** ग्राम पंचायत हट्टा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने वृक्षारोपण रोपण किया गया है जिसमें निराई गुड़ाई का कार्य चल रहा है उसी स्थान पर 29 अक्टूबर को जनपद सदस्या रंजना वैद्य और सामाजिक कार्यकर्ता शीला पटेल के नेतृत्व में स्वास्थ विभाग और पुलिस विभाग द्वारा सामूहिक रूप अशोक तथा आंवले के पौधें रोपित किए गए।

प्रधान आरक्षक दुबे जी द्वारा पौधों की जिम्मेदारी लेते हुए संकल्प लिया गया कि मैं समय समय पर पौधों पर पानी देता रहूंगा साथ ही आरक्षक अविनाश गौनकर एवं आशा तिरपुड़े स्वस्थ विभाग से दीक्षा पटले, डिलेश्वरी बिसेन , सुंदरलाल कुभरे तथा पी डब्ल्यू डी के श्रमिकों के सहयोग से वृक्षारोपण करके जनता को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया ।

---

# कन्या शिक्षा परिसर की बेटियों ने दिखाया अपना हुनर



**नवभारत, बालाघाट।** खण्डवा में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 04 बालिकाए माधुरी मेरावी, नेहा परते, पूजा मरकाम एवं आंचल पंद्रे का चयन किया गया था। संस्था में कार्यरत पीटीआई कमल किशोर तेलासे ने बताया कि अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार विभागीय राज्य स्तरी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सरदारपुर धार जिले मे आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 09 बालिकाए सम्मिलित थी। जिसमें से 04 बालिकाओं का चयन स्कूल राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता खालवा जिला खंडवा के लिए किया गया था। चयनित चारों बच्चे ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता खंडवा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया पर टीम फाइनल में भोपाल संभाग से हार गई और उपविजेता बनी।

सभी बच्चों को विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर संस्था के प्राचार्य श्री पीके अंगूरे, जिला खेल प्रभारी डीके मेश्राम, जिला फुटबॉल संघ के सचिव सुनील यादव, एथलेटिक्स जिला संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारें, कराटे प्रशिक्षण प्रशिक्षक साजिद कृष्णन कुट्टी, आकाशवाणी उद्घोशक श्री अजय ठाकुर, श्री शैलेंद्र यादव, समस्त पीटीआई एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं ।

---

# शासकीय चिकित्सकों द्वारा निज निवास से निजी प्रैक्टिस और परामर्श सेवाएं देने पर होगी कार्यवाही

**नवभारत, बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलव ने जिले में पदस्थ समस्त शासकीय चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि वे अपने निज निवास से पृथक संचालित किये जा रहे क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से बंद करे दे साथ ही जिले के किसी भी निजी नर्सिंग होम या निजी चिकित ?सालय में सेवा प्रदान करना तत्काल प्रभाव से बंद कर दे। निरीक्षण के दौरान शासकीय चिकित ?सकों के किसी भी निजी चिकित्सालय में सेवा देना पाया जाएगा तो उनके विरूद्ध अनुशासनात ?मक कार्यवाही की जाएगी।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में आया है कि जिले में पदस्थ शासकीय विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा अपने निज निवास से पृथक क्लीनिक का संचालक किया जा रहा है। यह भी ज्ञात हुआ है कि, कुछ विषेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा अपनी शासकीय सेवा से विभिन्न प्रकार के अवकाश लेकर अपने निजी क्लीनिकों में चिकित्सा व्यावसाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी प्राप्त हो रही है कि शासकीय विशेषज्ञों विशेषकर निश ?चेतना विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिकल स्पेशलिस्ट एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ, द्वारा नगर के निजी चिकित्सालयें/नर्सिंग होम् स में भी जाकर सेवाएं प्रदान की जा रही है।


मध्यप्रदेश शासन ने शासकीय चिकित्सकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार शासकीय चिकित्सक को अपने निवास पर निजी प्रैक्टिस के अंतर्गत केवल परामर्श सेवाएं ही देने की अनुमति है, लेकिन इसके लिए भी कुछ शर्तें हैं। उन्हें अपने निवास पर केवल मूलभूत उपकरण जैसे स्टेथोस्कोप, बी.पी. इंस्ट्रूमेंट, ऑप्थलमोस्कोप आदि ही रखने की अनुमति है। इसके अलावा, उन्हें किसी भी निजी नर्सिंग होम या चिकित्सालय में जाकर सेवाएं प्रदान करने की अनुमति नहीं है। ऐसे उपकरण, जिनके लिये पृथक से लायसेंस की आवश ?यकता होती है जैसे एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी मशीन, ईकोकार्डियोग्राफी मशीन, आदि तथा शल्य क्रिया में उपयोग किये जाने वाले उपकरण जैसे डेन्टल चेयर, याग लेजर मशीन, पेथालॉजी/माईक्रोबायोलॉजी जांचों हेतु निजी प्रेक्टिस के लिये कोई उपकरण अपने नाम से पंजीकृत कर स्वयं के निवास पर नहीं रख सकते। अपने निवास पर परिजन अथवा अन्य व्यक्ति के नाम से स्थापित/पंजीयकृत उपकरण पर कार्य हेतु स्वयं का नाम रजिस्टर नहीं करा सकते एवं स्वयं उस उपकरण पर कार्य की रिपोर्टिंग भी नहीं कर सकते है।

यदि कोई शासकीय चिकित्सक इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। जिला प्रशासन ने सभी शासकीय चिकित्सकों को निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। यदि कोई चिकित्सक निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके विरूद्ध अनुशासनात ?मक कार्यवाही की जाएगी।

---

# मंडई मेला कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन

**किरनापुर नव भारत।** मड़ई मेले का आयोजन विभिन्न गांवों और कस्बों में किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में एक पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्सव है। यह उत्सव स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा, आदिवासी



नृत्य, संगीत, लोक कला और सामाजिक मेलजोल के लिए आयोजित होता है। इनमें से कुछ मेले दिसंबर से मार्च के बीच आयोजित होते हैं और कई बार यह उत्सव देव उठनी एकादशी के बाद शुरू होते हैं।तहसील किरनापुर के अंतर्गत कंदरी खुर्द मे मड़ई मेले का आयोजन किया जा रहा है, जो कंदरी खुर्द नव यूवक मँडई मेला समिति द्वारा 1 नवम्बर 2025 को रात दिन के कार्यक्रम मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ चौरा मा गोंदा शानदार प्रतुति रखी गई है ,ग्राम कंदरी खुर्द सरपंच रेखा लोकचनद मडामे द्वारा बताया गया की ग्राम की मनोरंजन के साथ

जिसमें एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल था।

ये मेले स्थानीय संस्कृति, परंपरा और लोककला को दर्शाते है।

इसी कार्यक्रम नव युवक मँडई मेला समिति अध्यक्ष संतोष भाजीपाले उपाध्यक्ष शुभास बरबूधे सचिव प्रमोद मेश्राम एवं समिति गढ़ द्वारा आयोजन किया जा रहा है जिसे सभी ग्रामीन् जन को आमंत्रण किया गया है।

---

# पीजी कालेज बालाघाट में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का हुआ आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 29 अक ?टूबर को व्यावसायिक एवं औद्योगिक विषयों का महत्व'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

वेबिनार की प्रस्तावना एवं रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक डॉ. सीमा श्रीवास्तव प्राध्यापक समाजशास्त्र द्वारा प्रस्तुत की गई, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा का समावेश एक क्रांतिकारी कदम है, जो युवाओं को आत्मनिर्भर एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित करता है। प्राचार्य डॉ. मराठे ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है



इसके लिए युवाओं को कौशल युक्त होना होगा।कार्यक्रम मे महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेडे ने अपने मार्गदर्शक उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप 34 वर्षों के बाद लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारत को समृद्ध, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ. पीआर चंदेलकर ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 युवाओं के कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. निलेश कुमार तिवारी ने व्यावसायिक एवं औद्योगिक शिक्षा की अनिवार्यता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि आगामी वर्षों में प्रशिक्षित एवं कौशलयुक्त युवाओं की आवश्यकता बढ़ेगी। उन्होंने वोकेशनल ट्रेनिंग एंड इंडस्ट्रियल स्किल डेवलपमेंट विषय पर पीपीटी प्रस्तुतिकरण देते हुए पंजाब की बाढ़ आपदा एवं फैब्रिकेटेड घर निर्माण के उदाहरण से कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि चीन, जर्मनी, यूके और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में व्यावसायिक प्रशिक्षण व्यवस्था युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही है।

द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. आशीष कुमार झा ने व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र विभिन्न अवसरों पर अपने विचार रखे। उन्होंने मधुमक्खी पालन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कौशल विकास एवं उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बी कीपिंग (मधुमक्खी पालन) न केवल एक पारंपरिक कला है, बल्कि इसे तकनीकी ज्ञान एवं प्रशिक्षण के साथ जोड़ा जाए तो यह ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा साधन बन सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों का योगदान रहा।

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं विलाश कुमार करण्डे पिता का नाम - श्रीमान लालचन्द करंडे निवासी / पता - 101 घुनाड़ी कटोरा बी :ओ कंटगी बालाघाट म .प्र 481445. मेरी कक्षा दसवीं की अंकसूची में विलास कुमार करण्डे नाम था बाकी सभी जगह विलास करंडे नाम है। एवं समस्त शासकीय दस्तावेजों में एवं अंकसूची में मेरा सही नाम विलाश करंडे हैं। अब मुझे भविष्य में विलाश करंडे नाम से जाना जावे एवं सभी दस्तावेजों, अभिलेखों तथा अन्य सभी कार्यो में केवल विलाश करंडे के नाम से ही जाना जाये व पहचाना जाये।

गलत नाम
विलाश कुमार करण्डे
सही नाम
विलाश करंडे